सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 210 | इंदौर, शुक्रवार 13 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

विज्ञापनों और ख़बरों के लिए बड़ा धमाका!

अब अपने व्यापार, ईवेंट या जाहिर सूचना को पहुँचाएँ जन-जन तक।

सेवाएँ: समाचार, विज्ञापन, जाहिर सूचना और कानूनी नोटिस।

रेट: बाज़ार में सबसे कम (न्यूनतम दर)।

अपनी फाइल अभी भेजें और उचित स्थान पाएँ।

संपर्क:
विकास गुप्ता
मो. 9111156060

## ●भवन विकास निगम मैनेजमेंट सिस्टम 2.0 पोर्टल लांच

# सीएम बोले-भगवान विश्वकर्मा के अवतार हैं इंजीनियर्स

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा है कि निर्माण केवल ईंट-पत्थरों का जोड़ नहीं, बल्कि एक सृजनात्मक कला है। हर परियोजना में उत्कृष्ट दृष्टिकोण और दीर्घकालिक कार्ययोजना अपनाना जरूरी है। गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं होना चाहिए। मुख्यमंत्री रवीन्द्र भवन में लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश भवन विकास निगम द्वारा आयोजित एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। तकनीकी अधिकारियों, वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभियंताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलती तकनीकों के अनुरूप स्वयं को अपडेट रखना समय की मांग है। ऐसी कार्यशालाएं अभियंताओं को नई ऊर्जा देती हैं और कौशल को परिष्कृत करती हैं। उन्होंने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता, नवाचार और दीर्घकालिक सोच को प्राथमिकता देने पर जोर दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पीएम



गतिशक्ति योजना के माध्यम से अधोसंरचना विकास को नई दिशा मिली है। वर्तमान समय में इंजीनियर्स भगवान विश्वकर्मा के साक्षात अवतार हैं। लोक निर्माण विभाग ने पिछले दो वर्षों में उल्लेखनीय कार्य कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सड़क, पुल, स्टेडियम और भवन निर्माण जैसे बड़े कार्य विभाग की जिम्मेदारी हैं और इन्हें आधुनिक दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है।

कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) 2.0 पोर्टल का शुभारंभ किया गया। साथ ही मध्यप्रदेश भवन विकास निगम के ब्रोशर और मैनुअल का विमोचन हुआ। पीडब्ल्यूडी की प्रशिक्षण कार्ययोजना 2026-27, न्यूज लेटर, रोड नेटवर्क मास्टर प्लान और बजट मॉड्यूल भी जारी किए गए। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम और भवन विकास निगम ने सेंट्रल रोड रिसर्च इंस्टीट्यूट (नई दिल्ली), इंडियन एकेडमी ऑफ हाईवे इंजीनियर्स, इंजीनियरिंग स्टाफ कॉलेज ऑफ इंडिया, आईआईटी मुंबई और स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर भोपाल सहित विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला विभाग की सुधार यात्रा का महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि 293 इंजीनियर पदों को भरने की स्वीकृति मिल चुकी है। 10 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले भवनों को ग्रीन बिल्डिंग मानकों के अनुरूप बनाने के लिए प्रशिक्षण शुरू किया गया है। विभाग ने औचक निरीक्षण व्यवस्था भी लागू की है, जिसे अन्य राज्यों ने भी अपनाया है। प्रमुख सचिव सुखबीर सिंह ने कहा कि विकसित भारत@2047 के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में अधोसंरचना विकास तेजी से किया जा रहा है। प्रशिक्षण अब विभागीय कार्यसंस्कृति का हिस्सा बन चुका है। कार्यशाला में लगभग दो हजार अभियंता और तकनीकी अधिकारी शामिल हुए। राष्ट्रीय विशेषज्ञों ने ग्रीन बिल्डिंग, आधुनिक निर्माण तकनीक, गुणवत्ता नियंत्रण और नवाचार जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया।

## बांग्लादेश में BNP की शानदार जीत: पीएम मोदी ने तारिक रहमान को दी बधाई

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बांग्लादेश आम चुनाव में पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान के नेतृत्व में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शानदार बहुमत हासिल किया है। ऐसे में अब भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पार्टी के प्रमुख तारिक रहमान को बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि यह जीत बांग्लादेश के लोगों के उनके नेतृत्व में भरोसे को दिखाती है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के समर्थन में हमेशा खड़ा रहेगा। इसके साथ पीएम मोदी ने भारत और बांग्लादेश के रिश्ते को लेकर भी अपनी बड़ा संकेत दिया। पीएम मोदी ने कहा कि वह तारिक रहमान के साथ मिलकर भारत-बांग्लादेश के बहुआयामी संबंधों को और मजबूत करने और दोनों देशों के साझा विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए काम करने के लिए उत्सुक हैं। बता दें कि बांग्लादेश में जारी सत्ता के लिए संघर्ष और घमासान के 18 महीनें के बाद हुए चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) को बड़ा जनादेश मिला।

### ग्रीन कवरेज एरिया घटा...

# इंदौर और आसपास के क्षेत्रों में दो लाख पेड़ काटने की तैयारी

**इंदौर।** शब-ए-मालवा की सुहानी शामों के लिए प्रसिद्ध रहे इंदौर का मौसम अब बदल गया है। गर्मी में भी शामें ठंडक नहीं देती हैं। इंदौर और उसके आसपास से तेजी से विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं। दो लाख से ज्यादा पेड़ों को काटने की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन उसकी तुलना में पेड़ उतने नहीं लग पा रहे हैं। इस कारण शहर के कई इलाके हरियाली का सूनापन झेल रहे हैं। सबसे ज्यादा पेड़ों की बलि इंदौर-खंडवा रेल मार्ग के लिए ली जा रही है। 1.54 लाख पेड़ काटे जाएंगे। इसके अलावा इंदौर-खंडवा फोरलेन के लिए 9 हजार 600 पेड़ काटे जा चुके हैं। इंदौर में भी ब्रिज, मेट्रो व अन्य विकास के कामों के लिए पेड़ों को काटा जा रहा है। उसकी तुलना में शहर में कम सिटी फॉरेस्ट बन पाए हैं। मास्टर प्लान में जो एरिया ग्रीन बेल्ट है, वे भी अतिक्रमण की भेंट चढ़ गए हैं। मास्टर प्लान 2021 के लिए 14 प्रतिशत ग्रीन बेल्ट तय किया गया



था, लेकिन मौके पर ग्रीन बेल्ट 8 प्रतिशत भी नहीं बचा है। इंदौर में पांच साल में हजारों की संख्या में पेड़ काटे गए। इसके अलावा अवैध कटाई भी होती है। उन पेड़ों की जानकारी तो सामने ही नहीं आ पाती है। इंदौर में इंदौर से तेजाजी नगर बायपास तक फोरलेन सड़क के लिए एक हजार पेड़ काटे गए। इसके अलावा एमओजी लाइन में पचास पुराने पेड़ काटे गए। मल्हार आश्रम में भी 80 से 100 साल पुराने 95 से ज्यादा पेड़ काटे गए। विजय नगर मेट्रो स्टेशन और ब्रिज के लिए 180 पेड़ों की बलि ली गई। कुछ पेड़ों को ट्रांसप्लांट किया गया, लेकिन वे पनप नहीं पाए।

### इन प्रोजेक्टों के लिए काटे जाएंगे पेड़

इंदौर-खंडवा रेल लाइन के लिए 1.54 लाख पेड़ काटने की अनुमति वन विभाग से रेलवे को मिल चुकी है। इंदौर-बुधनी रेल लाइन के लिए 277 पेड़ इंदौर के हिस्से में चिह्नित किए गए हैं। इसके अलावा इंदौर-उज्जैन सिक्सलेन के लिए 5175 पेड़ काटे जाएंगे। हुकमचंद मिल परिसर से पांच हजार पेड़ काटे जा रहे हैं। वहीं पश्चिमी क्षेत्र के बायपास के लिए पांच हजार से ज्यादा पेड़ों की बलि ली जाएगी।

मास्टर प्लान में हरियाली 14 प्रतिशत है, लेकिन हकीकत में आठ प्रतिशत हरियाली बची है। पिपलियापाला, बिलावली, सिरपुर जैसे ग्रीन बेल्ट एरिया में बस्तियां हैं। मास्टर प्लान में दो रीजनल पार्क हैं, लेकिन शहर में एक पार्क ही विकसित हो पाया है। इसके अलावा 15 से ज्यादा सिटी पार्क हैं, लेकिन तीन सिटी पार्क भी ठीक तरह से विकसित नहीं हो पाए हैं।

**- जयवंत होलकर, मास्टर प्लान विशेषज्ञ**

इंदौर में मेरी याचिका पर हाईकोर्ट ने नगर निगम को पेड़ों की गिनती के निर्देश दिए थे। तब निगम ने मार्ग, मुक्तिधाम व उद्यानों में पेड़ों की गिनती की थी। तब 1.70 लाख पेड़ शहर में पाए गए थे। विकास के नाम पर जो पेड़ काटे जाते हैं, उसकी तुलना में पेड़ नजर नहीं आते। हर साल पौधारोपण होता है, लेकिन लगाए गए पौधों की देखभाल में सरकारी विभाग पीछे है।

**- किशोर कोडवानी, सामाजिक कार्यकर्ता**

# ड्रेस और कॉपी किताबों के लिए विशेष संस्थान से खरीदी के लिए नहीं कर सकेंगे बाध्य

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 (1) (2) के तहत स्कूल संचालकों, प्रकाशकों एवं विक्रेताओं की एकाधिकारी प्रवृत्ति को खत्म करने तथा लोक प्रशान्ति विक्षुब्ध होने से रोकने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार विद्यालय संचालक/प्राचार्य स्कूल में संचालित प्रत्येक कक्षा के लिये अनिवार्य पुस्तकों की सूची विद्यालय की परीक्षा परिणाम जारी होने के पूर्व ही अपने स्कूल की वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करेंगे एवं विद्यालयीन परिसर में सार्वजनिक पटल/स्थान पर चस्पा करेंगे।**

विद्यालय संचालक/प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को पुस्तकें एवं कापियां, सम्पूर्ण यूनिफार्म आदि सम्बन्धित स्कूल/संस्था अथवा किसी एक दुकान/विक्रेता/संस्था विशेष से क्रय किये जाने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा। मान्यता नियमों के अन्तर्गत स्कूल की स्वयं की वेबसाईट होना अनिवार्य है। स्कूल के प्राचार्य / संचालक पुस्तकों की सूची की एक प्रति प्रवेशित अभिभावकों को प्रवेश के समय एवं परीक्षा परिणाम के समय आवश्यक रूप से उपलब्ध करायेंगे एवं कम से कम 03 पुस्तक/यूनिफार्म विक्रेताओं का नाम सत्र प्रारंभ होने के 02 माह पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

विद्यालय संचालक/प्राचार्य विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों को सूचीबद्ध पुस्तकें परीक्षा परिणाम अथवा उसके पूर्व क्रय हेतु बाध्य नहीं करेंगे। अभिभावक पुस्तकों की उपलब्धता के आधार पर 15 जून 2026 तक क्रय कर सकेंगे। विद्यालय जिस नियामक बोर्ड सी.बी.एस.ई./आई.सी.एस.ई./एम.पी. बी.एस.ई./माध्यमिक शिक्षा मण्डल आदि से संबद्ध है, उस संस्था के द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम एवं उस पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नियामक संस्था अथवा उसके द्वारा विधिक रूप से अधिकृत एजेंसी (यया एनसीईआरटी, म०प्र० पाठ्य पुस्तक निगम आदि) द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य प्रकाशकों/मुद्रकों द्वारा प्रकाशित की जाने वाली पुस्तकों को विद्यालय में अध्यापन हेतु प्रयुक्त किया जाना प्रतिबंधित रहेगा।

विद्यालय संचालक/प्राचार्य सुनिश्चित करेंगे कि उक्त के अतिरिक्त अन्य विषयों जैसे नैतिक शिक्षा, सामान्य ज्ञान, कम्प्युटर आदि की निजी प्रकाशकों/मुद्रकों की पुस्तकें क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जायेगा। विद्यालय संचालक/प्राचार्य/पालक शिक्षक बैठक (P.T.M) सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी स्थिति में पुस्तकों के निजी प्रकाशक/मुद्रक/विक्रेता स्कूल परिसर के भीतर प्रचार प्रसार हेतु किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं करें। विद्यालय संचालक/प्राचार्य विक्रेता द्वारा पुस्तकों के सेट की कीमत बढ़ाने हेतु अनावश्यक सामग्री जो निर्धारित पाठ्यक्रम से संबंधित नहीं है, का समावेश सेट में नहीं किया जायेगा। कोई भी विक्रेता किसी भी कक्षा के पूरे सेट को क्रय करने की बाध्यता नहीं रखेगा। यदि किसी विद्यार्थी को पुरानी किताबें उपलब्ध हो तो उसे जिसकी आवश्यकता है, केवल उन किताबों को विक्रेता द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

नोट्स बुक (कॉपी) पर ग्रेड, किस्म, साईज, मूल्य, पृष्ठ संख्या की जानकारी स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। किसी भी पुस्तक अथवा कापी पर विद्यालय का नाम मुद्रित नहीं किया जायेगा तथा इन पर चढ़ाने वाले कवर पर विद्यालय नाम को मुद्रित नहीं किया जायेगा। कोई भी विद्यालय दो से अधिक प्रकार की यूनिफार्म निर्धारित नहीं करेगा। ब्लेजर/स्वेटर इसके अतिरिक्त होगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा यूनिफार्म का निर्धारण इस प्रकार किया जायेगा कि कम से कम 03 वर्ष तक उसमें परिवर्तन न हो।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संस्था/आयोजक के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा सकेगी। विद्यालय द्वारा उक्त आदेशों की अवहेलना किये जाने पर शाला के प्राचार्य/संचालक के साथ ही शाला का प्रबन्धक बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के समस्त सदस्य भी दोषी होंगे।

यह आदेश 12 फरवरी से 11 अप्रैल 2026 तक की अवधि में प्रभावशील रहेगा। जिले के समस्त विद्यालय अपने नोटिस बोर्ड पर उक्त सूचना चस्पा करेंगे। विद्यालय के प्राचार्य उक्त आदेशों की जानकारी प्रबन्धक की प्रथम बैठक में सविस्तार रखना सुनिश्चित करेंगे।

## शासकीय विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशानुसार गुरुवार को कलेक्टर कार्यालय में अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पांडे ने विभिन्न विभागों में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि किसी शासकीय सेवक की सेवा काल में मृत्यु होने पर उनके आश्रित एक सदस्य को नियुक्ति दी जाएगी। मृतक शासकीय सेवक के आश्रित पति/पत्नी द्वारा योग्यता न रखने अथवा स्वयं अनुकम्पा नियुक्ति न लेना चाहे तो उसके नामांकित पुत्र या अविवाहित पुत्री को दी जा सकती है। ऐसी विधवा अथवा तलाकशुदा पुत्री, जो दिवंगत शासकीय सेवक की मृत्यु के समय उस पर पूर्णतः आश्रित होकर उसके साथ रह रही हो अथवा उपरोक्त पात्र सदस्य न होने की स्थिति में विधवा पुत्रवधु जो शासकीय सेवक की मृत्यु के समय उस पर पूर्णतः आश्रित होकर उनके साथ रह रही हो।**

बैठक में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कल्याणी पांडे ने सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे रिक्त पदों की जानकारी उपलब्ध करायें, ताकि पात्र व्यक्ति को अनुकंपा नियुक्ति दी जा सकें। अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ न्यायपूर्ण तरीके से करें। श्रीमती पांडे ने कहा कि जो विभाग अनुकंपा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतेगा उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, आबकारी विभाग, वाणिज्य कर विभाग, महिला एवं बाल विकास, आदिम जाति कल्याण, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

# आबकारी विभाग ने 1 लाख की अवैध शराब जब्त की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार इंदौर जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल तथा सहायक जिला आबकारी अधिकारी राघवेंद्र सिंह कुशवाह के नेतृत्व में गुरुवार को वृत्त - पलासिया प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम के द्वारा गश्त के दौरान नवलखा रोड से अवैध मदिरा परिवहन पर प्रभावी कार्यवाही की गई।**



कार्यवाही में एक दोपहिया वाहन टीवीएस E20 जुपिटर स्कूटर से अवैध मदिरा परिवहन कर ले जाई जा रही काले बड़े बेग और गाड़ी की डिक्की में 150 पाव देशी मसाला मदिरा एवं 100 पाव देशी प्लेन मदिरा सहित कुल 250 पाव देशी मदिरा (कुल 45 बल्क लीटर) बरामद की गई। बरामद मदिरा को वाहन सहित जप्त कर आरोपी सुमित पिता राधेश्याम चौकसे निवासी पीथमपुर सिटी होम्स कॉलोनी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाज़ार मूल्य लगभग 1 लाख 23 हजार 400 रुपए है। प्रकरण में विवेचना जारी है। आज की कार्यवाही में आबकारी आरक्षक अजय चंद्रवाल, तरुण सिंह जाट, परमजीत कौर का सराहनीय योगदान रहा।

# इंदौर में ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरुद्ध प्रयोग पर लगाया गया प्रतिबंध

### नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

- कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने जारी किये आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने इंदौर जिले की राजस्व सीमा में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित व नियम विरूद्ध प्रयोग पर प्रतिबंध लगाया है। नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत इस संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिये गये हैं। उक्त आदेश तत्काल प्रभावशील होकर 11 अप्रैल 2026 तक प्रभावशील रहेगा तथा उक्त प्रभावशील अवधि में उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 अंतर्गत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आएगा।**

जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले के अंतर्गत समस्त उत्सव आयोजन के दौरान लाउड स्पीकर, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग, विहित प्राधिकारी की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित रहेगा। ध्वनि मानकों के प्रावधानों के पालन में सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम 02 लाउडस्पीकर की अनुमति ही सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त की जा सकेगी। लाउडस्पीकर किराये पर देने वाले वेण्डर किसी भी आयोजन हेतु 02 से अधिक मध्यम आकार के लाउडस्पीकर किराये पर नहीं देंगे। प्रेशर हार्न के भण्डारण तथा विक्रय को प्रतिबंधित किया गया है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 द्वारा निर्धारित शेड्यूल अनुसार निर्धारित ध्वनि का स्तर मानक सीमा से बाहर प्रतिबंधित रहेगा। रात्रि समय 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

उल्लेखनीय है कि शासन, राष्ट्रीय हरित अधिकरण एवं केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड दिल्ली द्वारा भी समय-समय पर ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा भी विभिन्न प्रकरणों में ध्वनि प्रदुषण नियंत्रण के संबंध में जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदुषण को नियंत्रित किये जाने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं।

# मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना

## गांधी हॉल में जुटें कर्मचारी-अधिकारी

**इंदौर। नए लेबर लॉ समेत कई मुद्दों के विरोध में केंद्रीय श्रमिक संगठन आज हड़ताल कर रहे हैं। इसका इसर इंदौर में भी देखने को मिला है। आशा, उषा और परिवेशक कर्मचारियों ने अखिल भारतीय संयुक्त अभियान समिति के बैनर तले गांधी हॉल परिसर में धरना प्रदर्शन किया।**



प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर श्रमिक हितों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की और मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपने की तैयारी की। कर्मचारियों का कहना है कि नई नीतियों से उनके अधिकार और रोजगार की सुरक्षा प्रभावित हो रही है। बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**संगठनों की प्रमुख मांगें**

1. चारों श्रम संहिताओं (लेबर कोड्स) और उनसे जुड़े नियमों को रद्द करने की मांग।
2. ड्राफ्ट सीड बिल को वापस लेने की मांग।
3. बिजली संशोधन विधेयक को निरस्त करने की मांग।
4. SHANTI Act (न्यूक्लियर एनर्जी से संबंधित कानून) को वापस लेने की मांग।
5. मनरेगा की बहाली की मांग।
6. विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 को रद्द करने की मांग।

# वैलेंटाइन-डे के नाम पर अश्लीलता के आरोप NMIMS कॉलेज में 'बेक सेल' इवेंट पर विवाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गांधी नगर क्षेत्र स्थित NMIMS कॉलेज में गुरुवार को बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ता पहुंच गए और वैलेंटाइन डे के नाम पर कथित तौर पर अश्लील कार्यक्रम आयोजित करने का विरोध किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और कॉलेज प्रशासन से कार्यक्रम रुकवा दिया।**



बजरंग दल के तन्नू शर्मा ने बताया कि 12 फरवरी को कॉलेज में "बेक सेल" नाम से एक इवेंट रखा गया था, जिसमें बड़ी संख्या में हिंदू लड़कियों के साथ अन्य वर्ग के युवक भी मौजूद थे। सूचना मिलने पर वे वहां पहुंचें और इसे भारतीय संस्कृति के खिलाफ बताते हुए कार्यक्रम बंद कराने की मांग की। उनके साथ बजरंग दल से जुड़े कई युवा भी मौजूद थे, जिनके हाथों में प्लास्टिक के डंडे और लाठियां थीं। तन्नू शर्मा ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम की आड़ में अश्लीलता हो रही थी। सूचना पर गांधीनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची, कार्यक्रम बंद कराया और प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। हालांकि वे कार्यक्रम निरस्त करने की मांग पर अड़े रहे। डीसीपी कृष्णलाल चंदानी के अनुसार हिंदूवादी संगठनों के कुछ लोग कॉलेज परिसर पहुंचे थे, जहां तोड़फोड़ और नारेबाजी की घटना हुई। सूचना मिलते ही दो थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने छात्रों को सुरक्षित बाहर भेजा और प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सूचना पहले से पुलिस या प्रशासन को नहीं दी गई थी, इस संबंध में नोटिस जारी कर पूछताछ की जाएगी। साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तोड़फोड़ में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।

# 25 वर्षों की सेवा देने वाले पुलिस कांस्टेबल की तत्काल बहाली के आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी करते हुए एक अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 25 वर्षों की सेवा देने वाले पुलिस कांस्टेबल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के उसी दिन बिना सुनवाई सेवा से बर्खास्त करने की कार्रवाई को अवैध ठहराते हुए कांस्टेबल को तत्काल सेवा में बहाल करने के आदेश दिए हैं।**

मामला रतन कोल्हे का है। करीब 25 वर्ष पूर्व पुलिस विभाग में कांस्टेबल के रूप में भर्ती हुए रतन कोल्हे को थाने में पदस्थापना के दौरान अवैध खनन से जुड़े एक प्रकरण में वाहन जब्ती की कार्रवाई को लेकर पुलिस जनसुनवाई में की गई शिकायत के आधार पर जुलाई 2021 में निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद एसपी द्वारा जिस दिन कांस्टेबल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया, उसी दिन बिना सुनवाई का अवसर दिए सेवा से बर्खास्त करने का आदेश भी जारी कर दिया गया। कांस्टेबल रतन कोल्हे ने बिना सुनवाई बर्खास्तगी के आदेश के खिलाफ विभागीय अपील दायर की, लेकिन उसे भी निरस्त कर दिया गया।

इसके बाद उन्होंने एडवोकेट प्रसन्ना आर भटनागर के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया कि विभाग ने प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हुए बिना विभागीय जांच और बिना पक्ष रखने का अवसर दिए सेवा समाप्त कर दी, जो कानूनन गलत है मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति जयकुमार पिल्लई की एकल पीठ ने कांस्टेबल की याचिका स्वीकार करते हुए एसपी द्वारा जारी सेवा समाप्ति के आदेश को निरस्त कर दिया। कोर्ट ने आदेश दिया कि याचिकाकर्ता को 50% पिछले वेतन सहित अन्य सभी सेवा लाभों के साथ तत्काल सेवा में पुनः नियुक्त किया जाए। हालांकि कोर्ट ने यह स्पष्ट किया कि यदि विभाग चाहे तो कानून के मुताबिक विभागीय जांच प्रक्रिया प्रारंभ कर सकता है, लेकिन बिना सुनवाई और जांच के इस तरह की कार्रवाई स्वीकार्य नहीं है।

# वृद्धजनों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला आयुष अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय सामाजिक विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आदि कार्यक्रम के लिए शिविर का आयोजन किया गया। श्री महिला उत्कर्ष संस्थान गणेश बुजुर्ग आश्रम बाणगंगा इंदौर में आयोजित इस शिविर में 46 वरिष्ठजनों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।

संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. मीना भायल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने बताया कि 12 फरवरी को स्वास्थ्य शिविर में योग शिविर, शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्याख्यान खेलकूद का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों के लिए Holistic Well-being Camps का आयोजन किया गया। वरिष्ठजनों को कुर्सी पर बैठे बैठे योग का प्रशिक्षण डॉ. जितेन्द्र भालसे और उमेश चौहान ने प्रदान किया। स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. ज्योति बडोले ने किया। पौषाहार आहार में तिरंगा आहार की जानकारी सुश्री रचना निगम ने प्रदान की। औषधि वितरण सुश्री बसन्ती दौडवे और सुश्री रेखा भदौरिया ने किया। संस्था अध्यक्ष नेहा शर्मा ने आभार माना।

# नारी शक्ति, देश भक्ति व अदम्य साहस का संदेश लेकर जयपुर से निकली आशा इंदौर पहुँची



## ● सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने की सराहना, आगे के लिए दी शुभकामना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भारतीय सेना दिवस 11 जनवरी को जयपुर से एथलीट एवं पर्वतारोही आशा मालवीय सोलो सायकिल यात्रा कर आज इंदौर पहुँची। यहां आशा ने इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से मुलाकात कर उनकी यात्रा के अनुभव साझा किए। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने उनकी यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि सायकिल से देश के पश्चिम क्षेत्र से पूर्वी क्षेत्र तक यात्रा करते हुए नारी शक्ति, देश भक्ति व अदम्य साहस का संदेश लेकर किसी नारी का निकलना बड़ी बात है। आशा ने बताया कि इंदौर के बाद वे भोपाल फिर उप्र के रास्ते होकर बिहार और फिर अरुणाचल प्रदेश के किबतू में यात्रा समाप्त करेगी। इस दौरान वे 7 हजार 800 किमी. की दूरी तय करेगी। सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। आशा मालवीय राष्ट्रीय स्तर की एथलीट, पर्वतारोही एवं सोलो साइक्लिस्ट है। वर्तमान में वो 78वें आर्मी डे 2026 के उपलक्ष्य में भारत के पश्चिमतम छोर से लेकर पूर्वी छोर तक एक राष्ट्रीय साइकिल अभियान पर है। इस बार वो नारी शक्ति, देश भक्ति, अदम्य साहस का संदेश लेकर निकली है।

**आशा ने अब तक कई महत्वपूर्ण अभियान पूरे किए है-** मप्र में राजगढ़ जिले के नाटाराम की रहने वाली आशा मालवीय ने अब तक कई अभियानों को पूरा किया। 27 वर्षीय आशा ने फिसिकल एजुकेशन में स्नातक किया है। इसके बाद से साइकिलिंग के द्वारा कई यात्राएं की है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) में की सहभागिता

# शोध ऐसा हो, जो बदल दें सबकी सोच: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शोध अकादमिक गतिविधि मात्र नहीं, यह समाज और राष्ट्र की दिशा बदलने वाली शक्ति है। कोई भी शोध इतना उच्च कोटि का होना चाहिए जो हम सबकी सोच को एक नई दृष्टि, नई दिशा भी दे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी शोधार्थियों से आह्वान किया कि वे देश के विकास के लिए अपनी जिज्ञासा और रुचि के अनुसंधान क्षेत्रों में निर्भीक होकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि जैसे आवश्यकता आविष्कार की जननी है, वैसे ही शोध विज्ञान और सभी वैज्ञानिक पद्धतियों का जनक है। मानवीय प्रज्ञा में जब वैज्ञानिक ज्ञान का समावेश हो जाता है, तब वह 'प्रज्ञान' का रूप ले लेती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् के विज्ञान भवन में श्री दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम (नेशनल रिसर्चर्स मीट) 2026 को संबोधित कर रहे थे।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विज्ञान के विकास में ही देश का समग्र विकास निहित है। मध्यप्रदेश को शोध और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि शोध समाज के विकास का आधार है और इसे आधुनिक, परिष्कृत तथा परिमार्जित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे परंपरागत धारणाओं तक सीमित न रहें, बल्कि नवीन विचारों और वैज्ञानिक दृष्टि के साथ ऐसे शोध प्रस्तुत करें, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शोध सिर्फ़ एक शैक्षणिक आवश्यकता नहीं, सामाजिक परिवर्तन और विकास का सशक्त माध्यम भी है। दुनिया के ज्ञान पर पश्चिम का प्रभाव पड़ा है। भारतीय संस्कृति भी इससे प्रभावित हुई। हमारी संस्कृति में एकल शोध की परंपरा कभी नहीं रही। शोध समाज आधारित होना चाहिए, जिसमें राष्ट्र के कल्याण की बात कही जाए। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के माध्यम से देश के शोधार्थियों को नई दिशा प्रदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 'Mahakal: The master of time' वेबसाइट का शुभारंभ, महाकाल ब्रोशर सहित मैपकास्ट द्वारा आयोजित होने वाले '41वें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन एवं विज्ञान उत्सव' के पोस्टर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान द्वारा अनुसंधान परक लेखन पर आधारित सात पुस्तकों का भी विमोचन भी किया। राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में देशभर से आए शोधार्थियों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों की सहभागिता रही। आगामी 14 फरवरी तक चलने वाले इस समागम में शोध, विज्ञान और नवाचार के विविध आयामों पर विमर्श होगा। उच्च शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान ने इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम में देशभर के शोधार्थी शामिल हुए हैं। स्वागत उद्बोधन राष्ट्रीय शोधार्थी समागम की संयोजिका डॉ. अल्पना त्रिवेदी ने दिया। विषय प्रवर्तन डा. मुकेश कुमार मिश्रा ने दिया। दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने समागम की विषय वस्तु पर प्रकाश डाला। शुभारंभ-सत्र के समापन पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विज्ञान भवन परिसर में पौध-रोपण भी किया। उद्घाटन सत्र में मैपकास्ट के अध्यक्ष डॉ. अनिल कोठारी, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी सहित शिक्षक एवं शोधार्थी-विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पंडित धीरेंद्र शास्त्री बोले

# माला के साथ भाला भी रखना होगा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खजुराहो, एजेंसी।** बागेश्वर धाम में 301 कन्या विवाह महोत्सव के दौरान गुरुवार को सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। इस दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सीताराम-सीताराम करने भर से धर्म नहीं बचेगा, बल्कि माला और भाला रखना होगा। हमें मठों से निकलकर धर्म की रक्षा करनी होगी। उन्होंने कहा- 12 देशों के बाद अब अमेरिका में भी बागेश्वर धाम का सुंदरकांड मंडल बनेगा। इस साल यूरोप के 8 देशों में भी बनाएंगे। सुंदर कांड मंडल बनाने के बाद हम शस्त्र और शास्त्र का भी प्रशिक्षण देंगे। बेटियों को जूडो कराटे सिखाएंगे। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा- हम दाढ़ी तब बनाएंगे जब बेटियों का विवाह हो जाएगा। हम एक जाप कर रहे हैं। एक टाइम फलाहार और दूसरे टाइम दवा कर खा रहे हैं। बेटियों का विवाह बहुत ही पुण्य का काम है। हमारी समिति और शिष्यमंडल ने ये जिम्मेदारी उठाई है।

### शास्त्री की तुलना डकैतों से की

**भोपाल।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने यूजीसी के समर्थन में भोपाल में प्रदर्शन किया। पार्टी के कार्यकर्ता अंबेडकर जयंती मैदान पर इकट्ठे हुए। भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बैरसिया, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील अस्तेय, पूर्व विधायक आरडी प्रजापति, दलित पिछड़ा समाज संगठन के अध्यक्ष दामोदर यादव मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छतरपुर जिले की चंदला के पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने कहा हमारी एक यात्रा 27 फरवरी को सागर में होने वाली है। मैं किसी दल का नहीं हूं। मैं दिल वाला हूं। जहां दलित, आदिवासी, पिछड़ों की बात होगी। वहां चाहे मुझे जूता भी मारा जाए मैं वहां पहुंच जाता हूं। मैं पट्टा वाला नेता नहीं हूं। 28 तारीख को हमारी यात्रा धीरेंद्र शास्त्री के गांव छतरपुर में पहुंचेगी। वहां सैकड़ों गाड़ियों के काफिले से हम लोग पहुंचेंगे। पूर्व विधायक आरडी प्रजापति ने धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा कराए जा रहे गरीब कन्याओं के विवाह की तुलना डकैतों से करते हुए कहा- वो भी तीन सौ लड़कियों की शादियां कर रहे हैं। हमारे यहां डाकू होते थे करोड़ों रूपए लाते थे और दो चार बेटियों की शादियां कर देते थे। लोग कहते थे बहुत अच्छा डाकू है। वहां जो शादियां हो रहीं हैं उनमें 500 कन्याओं की शादी का दान तो केवल एक आदमी देता है। पता नहीं लाखों कन्याओं का दान मिल जाता है और दो-तीन सौ कन्याओं की शादियां कर देते हैं।

# पुलिया से नीचे गिरे 3 युवक, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी मालवा, एजेंसी।** क्षेत्र के हथनापुर स्थित कीर ढाबे के पास गुरुवार सुबह पुलिया के नीचे तीन युवकों के शव मिले। आसपास से गुजर रहे ग्रामीणों ने पुलिया के नीचे टू व्हीलर और तीन शव पड़े देखे। ग्रामीणों ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। मृतकों की पहचान नितिन रैकवार (26), राहुल जाट (35) और राकेश गौर (35) के रूप में हुई। तीनों सिवनी मालवा के रहने वाले थे। इनमें नितिन पुताई और राहुल खेती-बाड़ी का काम करता था। वहीं, राकेश गौर ऑटो चलाता था। आशंका है कि तीनों बाइक समेत पुलिया से नीचे गिरे, जिससे इनकी मौत हो गई।

# उज्जैन में पहली बार चलेगी डबल डेकर इलेक्ट्रिक बस

### महाशिवरात्रि के लिए आई डेमो बस, दो दिन तक फ्री यात्रा कर सकेंगे श्रद्धालु

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं को पहली बार उज्जैन में डबल डेकर बस में फ्री यात्रा करने को मिलेगा। चेन्नई से एक बस डेमो के रूप में उज्जैन बुलाई गई है। जिसे महाकाल मंदिर तक चलाया जाएगा। इस बस को देश की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस बताया जा रहा है। बस में सेफ्टी के सारे फीचर मौजूद हैं। बताया जा रहा है कि इस तरह की बस जल्द ही भोपाल इंदौर और उज्जैन में चलाई जा सकती है।**



15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर 10 लाख से अधिक उज्जैन पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के सुलभ दर्शन के लिए एक डबल डेकर बस चेन्नई प्लांट से मंगवाई गई है। जिसे श्रद्धालुओं के लिए दो दिन तक निःशुल्क चलाया जाएगा। उज्जैन शहर में सफर करने वाले यात्री डबल डेकर बस का मजा बिलकुल फ्री ले सकेंगे। प्रशासन ने अभी तक ये तय नहीं किया है कि बस कहां से चलेगी। बस को चेन्नई से लेकर उज्जैन आए ड्राइवर राघवेंद्र ने बस के बारे में बताया कि ये देश की पहली इलेक्ट्रिक डबल डेकर बस है जो पूरी तरह ऑटोमेटिक है। उज्जैन में इसको मंगवाया गया था, इसलिए इसे अभी सिर्फ डेमो के रूप में लाए है। दो दिन यही रहेगी।

### सक्रिय हुई लॉरेंस बिश्नोई गैंग!

# अशोकनगर में व्यापारी से मांगी 10 करोड़ फिरौती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोक नगर, एजेंसी।** देश के बॉलीवुड स्टार एवं अन्य लोगों मे दहशत फैलाने वाली ' लॉरेंस बिश्नोई गैंग ' अब मध्यप्रदेश में भी सक्रिय हो गई है! जहां शहर के एक व्यापारी से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर 10 करोड़ रुपए की फिरौती मांगने और दो दिन में हत्या की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित व्यापारी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके बाद पुलिस और साइबर सेल मामले की जांच में जुट गई है। मामला शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी अंकित अग्रवाल को 11 फरवरी 2026 को एक इंटरनेशनल नंबर से व्हाट्सएप कॉल और मैसेज प्राप्त आया है, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को 'बिश्नोई गैंग' का सदस्य 'हरि बॉक्सर' बताते हुए परिवार और व्यवसाय से जुड़ी जानकारी देकर 10 करोड़ रुपए की मांग की और रकम न देने पर हत्या की धमकी दी। व्यापारी ने पुलिस को दिए आवेदन में तीन अंतराष्ट्रीय नंबरों से संपर्क कर धमकी देने का उल्लेख किया गया है। आरोपी ने स्वयं को 'हरि बॉक्सर' बताते हुए दो दिन के भीतर रकम न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। इसी बीच शहर के एक अन्य व्यापारी बलबीर खुराना ने बताया कि उन्हें भी अंतराष्ट्रीय नंबर से कॉल आया था, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया और एहतियातन इसकी सूचना पुलिस को दे दी। इस मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कवर ने कहा कि शिकायत के आधार पर साइबर सेल की मदद से कॉल करने वालों के नंबर और लोकेशन ट्रेस किए जा रहे हैं तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं पुलिस इस मामले के बाद हर पहलू की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रारंभिक स्तर पर यह आशंका भी जताई जा रही है कि 'लॉरेंस बिश्नोई गैंग' के नाम से फर्जी कॉल कर वसूली का प्रयास किया गया हो।

# बजट सत्र बाद बदलेंगे कुछ जिलों के कलेक्टर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** सरकार कुछ कलेक्टरों को बदलने की तैयारी में है। इसके लिए मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम पूरा होने की प्रतीक्षा की जा रही थी। यह काम 21 फरवरी को मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ पूरा हो जाएगा लेकिन अब तबादले बजट सत्र के बाद होंगे। विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से छह मार्च तक है। विधानसभा से जुड़े मामले सामने आने के कारण सामान्यतः इस अवधि में तबादले नहीं किए जाते हैं। सरकार को कुछ ऐसे कलेक्टरों के तबादले करने हैं, जिनकी रिपोर्ट अच्छी नहीं है। इसका आकलन मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव द्वारा कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस करके दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन के आधार पर किया गया है। दरअसल, मुख्य सचिव अनुराग जैन दो बार कलेक्टर-कमिश्नरों के कामकाज का आकलन विभिन्न आधारों पर करा चुके हैं। रिपोर्ट सामान्य प्रशासन विभाग ने तैयार भी कर ली है।

## संपादकीय

# भारतीय आकाश की सुरक्षा में नया अध्याय

भारत और रूस के रक्षा संबंधों के लिए दो दिनों में दो अच्छी और सकारात्मक खबर मिली है। गुरुवार 12 फरवरी, 2026 को रूस से S-400 एयर डिफेंस सिस्टम के दो बाकी स्क्वाड्रन इसी साल मिलने की जानकारी आई और 13 फरवरी, 2026 को इसमें इस्तेमाल होने वाली 288 सरफेस टू एयर मिसाइल खरीदने की डील को हरी झंडी मिलने की खबर मिली। इन मिसाइलों की रेंज 40 किलो मीटर से लेकर 400 किलो मीटर तक है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसने जिस तरह से पाकिस्तानी फौज की कमर तोड़ी थी, वह उस झटके से अभी तक पूरी तरह से उबर नहीं पाया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुवाई वाले 'रक्षा अधिग्रहण परिषद' (DAC) ने रूस से S-400 में उपयोग होने वाले 288 मिसाइल खरीदने के लिए 'आवश्यकता की स्वीकृति' (AoN) को मंजूर कर लिया है। हिंदुस्तान टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार इस मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने बताया है कि यह सौदा 10,000 करोड़ रुपये का होगा। S-400 में 400 किमी, 200 किमी, 150 किमी और 40 किमी की रेंज तक के सरफेस टू एयर मिसाइल इस्तेमाल होते हैं। अभी जो 'आवश्यकता की स्वीकृति' वाली मंजूरी मिली है, रिपोर्ट के अनुसार उसकी खरीदारी फास्ट ट्रैक प्रक्रिया (FTP) के तहत होनी है, जिसमें 120 कम रेंज वाली और 168 लंबी रेंज वाली मिसाइलें आनी हैं। इससे पहले रूस ने भारत को S-400 के पांच स्क्वाड्रन में से बाकी बचे दो में से चौथा जून तक और आखिरी या पांचवां नवंबर तक देने का भरोसा दिया है। रूस में बनी S-400 ट्रायंफ मिसाइल सिस्टम में ऐसी मिसाइलें शामिल हैं, जिनकी अधिकतम स्पीड 4.8 किलो मीटर प्रति सेकंड या मैक 14 (Mach 14) है। इसकी अत्यधिक गति इसे आसमान में 30 किलो मीटर तक की ऊंचाई तक दुश्मन के फाइटर जेट, ड्रोन, बैलिस्टिक मिसाइलों के अलावा अन्य सभी तरह के टारगेट को इंटरसेप्ट करने, ट्रैक करने और तबाह करने में सक्षम बनाते हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ इन मिसाइलों का बेहतरीन इस्तेमाल किया था। तभी से इस बात की आवश्यकता महसूस की जा रही थी कि सशस्त्र सेनाओं के भंडार में इन मिसाइलों का स्टॉक भरा रहे। भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने इसी से पाकिस्तानी फाइटर जेट, अर्ली वॉर्निंग एंड इंटेलीजेंस गैदरिंग एयरक्राफ्ट और अनगिनित कॉम्बैट ड्रोन नाकाम किए थे। जब भारत ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में उसकी फौज के विशाल टोही और निगरानी विमान को S-400 की एक लंबी दूरी वाली मिसाइल से 314 किलो मीटर दूर मारकर गिरा दिया था, तो जनरल असीम मुनीर अपने सैन्य विमानों को अफगानिस्तान और ईरान की सीमा पर मौजूद एयरबेस पर शिफ्ट करने को मजबूर हो गया था आदमपुर और भुज सेक्टर में तैनात S-400 एयर डिफेंस सिस्टम ने पाकिस्तान के लाहौर, रावलपिंडी, सियालकोट और पसरूर में लगे उसकी फौज के रडार सिस्टम को इस तरह से नाकाम कर दिया था कि 9-10 मई, 2025 को पाकिस्तानी एयर फोर्स कुछ भी करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई।

## महिला जगत

# टेनिस खिलाड़ी, संस्कृत विद्वान या पर्वतारोही, कौन हैं लीला रो दयाल



दुनिया की मशहूर टेनिस खिलाड़ियों में सेरेना विलियम्स और सानिया मिर्जा का नाम है। इन दोनों के बारे में तो सुना ही होगा लेकिन क्या कभी लीला रो दयाल का नाम सुना है। आज अगर भारतीय महिलाएं अंतरराष्ट्रीय टेनिस और खेलों में आगे बढ़ रही हैं, तो उसकी नींव में लीला रो दयाल जैसी पायनियर महिलाओं का योगदान शामिल है। लीला रो दयाल सिर्फ टेनिस खिलाड़ी नहीं थीं, वे एक क्रांति की शुरुआत थीं।

साल 1934, जब भारत में ज़्यादातर लड़कियों को खेलना भी समाज की नज़र में गलत माना जाता था, तब लीला रो दयाल विंबलडन में मैच जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। यह सिर्फ़ खेल की जीत नहीं थी, यह सोच और सीमाओं को तोड़ने की जीत थी।

### लीला रो दयाल कौन थी?

पूरा नाम- लीला रो दयाल (Leela Row Dayal)

पहचान- भारत की पहली महिला टेनिस खिलाड़ी जिन्होंने विंबलडन में जीत दर्ज की

प्रसिद्धि का वर्ष- 1934

क्षेत्र- टेनिस, शिक्षा, कला और संस्कृति

लीला रो दयाल उस दौर की महिला थीं, जब अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारतीय महिलाओं की मौजूदगी लगभग ना के बराबर थी। इसके बावजूद उन्होंने दुनिया के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस मंच पर भारत का नाम रोशन किया।

### विंबलडन में ऐतिहासिक उपलब्धि

साल 1934 में, लीला रो दयाल ने विंबलडन चैंपियनशिप में हिस्सा लिया और मैच जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। उस समय,

न प्रोफेशनल ट्रेनिंग सिस्टम था

न स्पॉन्सरशिप

न महिलाओं को खेलों के लिए सामाजिक समर्थन

इसके बावजूद उनकी यह जीत भारतीय महिला खेल इतिहास का मील का पत्थर बन गई।

सिर्फ खिलाड़ी नहीं, बहुआयामी व्यक्तित्व

लीला रो दयाल केवल टेनिस खिलाड़ी नहीं थीं। वे एक असाधारण बहुआयामी महिला थीं। उनकी पहचान,

संस्कृत स्कॉलर

प्रशिक्षित डांसर

लेखिका और कलाकार

प्रगतिशील और स्वतंत्र सोच वाली महिला के तौर पर भी थी।

उन्होंने अपने जीवन से यह संदेश दिया कि महिलाएं एक साथ बुद्धिमत्ता, कला और खेल तीनों में उत्कृष्ट हो सकती हैं।

**भारत की बेटी ने रचा इतिहास**

# 216 घंटे लगातार भरतनाट्यम कर बनाया विश्व रिकॉर्ड

दुनिया में कुछ उपलब्धियां ऐसी होती हैं जो सिर्फ रिकॉर्ड नहीं बनातीं, बल्कि हौसले, अनुशासन और कला के प्रति समर्पण की मिसाल बन जाती हैं। ऐसी ही एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है विदुषी दीक्षा ने, जिन्होंने लगातार 216 घंटे यानी 9 दिन तक भरतनाट्यम नृत्य करके विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यह उपलब्धि न सिर्फ भारतीय शास्त्रीय नृत्य के लिए गर्व का क्षण है, बल्कि युवाओं के लिए भी एक बड़ी प्रेरणा है।

विदुषी ने 216 घंटे लगातार भरतनाट्यम नृत्य कर यह साबित कर दिया कि जुनून, समर्पण और आत्मविश्वास से इंसान इतिहास रच सकता है। यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है जो भारतीय शास्त्रीय नृत्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। आइए जानते हैं भारत की कर्नाटक की इस बेटी विदुषी दीक्षा के बारे में।

### कौन हैं विदूषी दीक्षा

विदूषी दीक्षा कर्नाटक के उडुपी की रहने वाली हैं। उन्होंने भरतनाट्यम नृत्य सीखा है। उडुपी स्थित डॉ. जी. शंकर महिला महाविद्यालय के सभागार में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जहां



विदुषी ने अपने नृत्य का प्रदर्शन किया। उनका नृत्य प्रदर्शन इसलिए खास है, क्योंकि उन्होंने पूरे 9 दिनों तक भरतनाट्यम करके इतिहास रचा। यह नृत्य मैराथन 21 अगस्त 2025 को शुरू हुआ और 30 अगस्त 2025 को पूरा हुआ था। इस लंबे नृत्य प्रदर्शन का उद्देश्य गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज कराना था। रिकॉर्ड के नियमों के अनुसार, दीक्षा को हर तीन घंटे में 15 मिनट का विश्राम दिया गया, ताकि उनका स्वास्थ्य और संतुलन बना रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान आयोजक, गुरुजन और रिकॉर्ड संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे और प्रदर्शन की निगरानी की गई। उनके पहले तक पुराना रिकॉर्ड 170 घंटे का था। लेकिन विदुषी ने 46 घंटे अधिक नृत्य करके नया रिकॉर्ड दर्ज कराया। विदुषी दीक्षा ने 170 घंटे के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए अपने अदम्य साहस और जुनून से एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

### सिर्फ शारीरिक नहीं, मानसिक परीक्षा भी

लगातार 9 दिनों तक भरतनाट्यम जैसे कठिन शास्त्रीय नृत्य को करना आसान नहीं है। इतने लंबे समय तक करना शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी बेहद कठिन होता है। इसमें चाहिए,

जबरदस्त शारीरिक सहनशक्ति

गहरी मानसिक एकाग्रता

अनुशासन और आत्मनियंत्रण

दर्द, थकान और नींद से लड़ने की ताकत

विदुषी दीक्षा ने यह साबित किया कि जब जुनून और लक्ष्य स्पष्ट हो, तो इंसान अपनी सीमाएं खुद तोड़ सकता है।

### उपलब्धि

भरतनाट्यम भारत की सबसे प्राचीन और कठिन नृत्य शैलियों में से एक है। इस नृत्य के माध्यम से इतना लंबा रिकॉर्ड बनना,

भारतीय शास्त्रीय कला को वैश्विक मंच पर पहचान देता है।

युवा कलाकारों को प्रेरित करता है।

संस्कृति और परंपरा की ताकत दिखाता है।

यह रिकॉर्ड सिर्फ एक व्यक्ति की जीत नहीं, बल्कि पूरी भारतीय कला परंपरा की उपलब्धि है।

New Delhi

# 114 राफेल विमानों वाला रक्षा सौदा, क्यों कहा जा रहा 'मदर ऑफ ऑल डिफेंस डील्स'

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान और चीन की नींद उड़ाने वाले राफेल विमानों को लेकर भारत ने फ्रांस के साथ ऐतिहासिक डील को मंजूरी दे दी है। पहली बार इतने बड़े पैमाने पर लड़ाकू विमानों की खरीद क मंजूरी दी गई है। 114 राफेल विमानों के इस सौदे को 'मदर ऑफ ऑल डिफेंस डील्स' कहा गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सशस्त्र बलों की युद्धक तैयारी को मजबूत करने के लिए 3.60 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरणों की पूंजीगत खरीद को मंजूरी दी है।

जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के तहत, राफेल



बनाने वाली कंपनी दसॉल्ट एविएशन द्वारा 18 विमान सीधे 'उड़ान भरने की स्थिति' में आपूर्ति किए जाएंगे और बाकी विमानों का निर्माण भारत में किया जायेगा, जिसमें 50 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी उत्पादन शामिल होगा और यह उत्पादन चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जायेगा।

रक्षा मंत्रालय ने खरीद की लागत का खुलासा नहीं किया है, लेकिन अनुमान है कि यह 2.90 लाख करोड़ रुपये से 3.15 लाख करोड़ रुपये के बीच होगी। राफेल विमानों की खरीद को मंजूरी फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की भारत यात्रा से ठीक चार दिन पहले मिली। इस सौदे को हालांकि अंतिम रूप देने के लिए औपचारिक अनुबंध इस साल के अंत से पहले होने की संभावना नहीं है, क्योंकि रक्षा मंत्रालय को अब हथियारों के पैकेज की लागत और बारीक विवरणों को अंतिम रूप देने के लिए दसॉल्ट एविएशन के साथ बातचीत करनी होगी।

Uttarpradesh

## सपा प्रवक्ता मनोज यादव लापता, तिलक समारोह में शामिल होने के बाद नहीं लौटे घर



**लखनऊ, (एजेंसी)** समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता मनोज यादव मंगलवार रात से लापता हैं. परिजनों के मुताबिक वे काकोरी क्षेत्र में एक परिचित के तिलक समारोह में शामिल होने गए थे, लेकिन वहां से लौटने के बाद वापस घर नहीं पहुंचे. देर रात तक इंतजार करने के बाद परिवार ने खोजबीन शुरू की, मगर उनका कोई सुराग नहीं मिला. बताया जा रहा है कि मनोज यादव कल शाम अपने घर से काकोरी के लिए निकले थे.

कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी की पुष्टि भी हुई है. तिलक समारोह खत्म होने के बाद वे वहां से निकले, लेकिन इसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया. परिजनों का कहना है कि रात भर कॉल करने की कोशिश की गई, मगर संपर्क नहीं हो सका. घटना के बाद परिवार ने लखनऊ के गोमती नगर विस्तार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जानकारी के मुताबिक आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और कार्यक्रम में मौजूद लोगों से भी पूछताछ की तैयारी है. परिवार के सदस्यों का कहना है कि मनोज यादव बिना बताए कहीं नहीं जाते और न ही उनका किसी से ऐसा विवाद था जिसकी वजह से वे अचानक गायब हो जाएं. उनके करीबी बताते हैं कि वे सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं, लेकिन घर लौटने में कभी इतनी देर नहीं हुई.

New Delhi

## दिल्ली के स्कूलों में मिली बम की धमकी, मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** राजधानी दिल्ली के कई स्कूलों में आज सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई और सुरक्षा एजेंसियों की टीमें तुरंत हरकत में आ गईं। विभिन्न स्कूलों में बम निरोधक दस्ते और पुलिस के जवान पहुंच गए हैं और सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार, बम की धमकी का पहले झंडेवालान स्थित बीडी तमिल एजुकेशन स्कूल को मिली। इसके बाद अन्य स्कूलों से भी इसी तरह की धमकियों की खबरें सामने आने लगीं। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी संवेदनशील स्कूलों को अलर्ट कर दिया और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी। फिलहाल, दिल्ली पुलिस की टीमें और बम निरोधक दस्ता स्कूलों के अंदर और आसपास के इलाकों में किसी भी संदिग्ध वस्तु की तलाश में जुटा हुआ है। बच्चों और कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, कई स्कूलों को एहतियात के तौर पर खाली कराया गया है।

Karnataka

## बंगलूरू के हाईवे पर तेज रफ्तार का कहर, एसयूवी और मोटरसाइकिल की टक्कर में सात की मौत

**बंगलूरू, (एजेंसी) कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू की सड़कों पर शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। बंगलूरू के होसकोटे के पास शुक्रवार सुबह एक भयानक सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा एम सत्यवर गांव के पास होसकोटे-डाबास्पेटे नेशनल हाईवे पर हुआ।**



जानकारी के अनुसार, होसकोटे से देवनहल्ली की ओर जा रही एक एसयूवी ने पीछे से एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। पुलिस का कहना है कि शुरुआती टक्कर के बाद एसयूवी का चालक नियंत्रण खो बैठा और एक कैंटर वाहन से टकरा गया। इसके बाद एक और कार भी हादसे में फंस गई।

जानकारी के अनुसार हादसे में एसयूवी और मोटरसाइकिल पर सवार छह लोग और मोटरसाइकिल चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों के बंगलूरू के कोथनूर के रहने वाले होने की आशंका है, लेकिन उनकी पहचान अभी तक पक्की नहीं हो पाई है। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए होसकोटे सरकारी अस्पताल ले जाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खेल

## लगातार दूसरी जीत से ग्रुप ए की तालिका में शीर्ष पर भारत, PAK को धकेला, ईशान-हार्दिक और वरुण चमके

**नई दिल्ली। भारत ने नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। गुरुवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ईशान किशन और हार्दिक पांड्या की दमदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन बनाए। जवाब में नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 10 विकेट पर 116 रन ही बना सकी। यह भारत की रनों के अंतर से टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले टीम ने 2012 में इंग्लैंड को 90 रन से हराया था। वहीं, टी20 विश्व कप में लगातार 10 मैचों में जीत दर्ज करने वाली भारतीय टीम पहली टीम बन गई।**

मौजूदा टूर्नामेंट में यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले टीम ने टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका



को हराकर शानदार तरीके से अभियान की शुरुआत की थी। अब भारत की नजरें रविवार (15 फरवरी) को पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर है। यह मुकाबला दोनों ही टीमों के लिए हाई-प्रेशर वाला होगा। बता दें कि, इस जीत के साथ भारत ने ग्रुप ए की अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं, पाकिस्तान दूसरे पायदान पर खिसक गया।

टी20 विश्व कप के ग्रुप मुकाबले में भारत ने नामीबिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 209 रन का बड़ा स्कोर बनाया। भारतीय पारी में ईशान किशन और हार्दिक पांड्या ने तूफानी अर्धशतक जड़े, जबकि नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरेस्मस ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल कर मैच में रोमांच बनाए रखा।

अगर संजू सैमसन की पारी कुछ पलों की चमक जैसी थी, तो ईशान किशन की बल्लेबाजी पूरी फिल्म की तरह रोमांच से भरी रही। किशन ने 24 गेंदों में 61 रन ठोक डाले। उन्होंने महज 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें पांच छक्के और छह चौके शामिल थे। नामीबिया के गेंदबाजों ने जैसे ही लंबाई में जरा सी चूक की, किशन ने पूरी ताकत से गेंद को स्टैंड्स के पार पहुंचा दिया। उनकी तेजतर्रार बल्लेबाजी ने भारत को तेज शुरुआत दिलाई और बड़े स्कोर की मजबूत नींव रखी।

संजू सैमसन ने 8 गेंदों में 22 रन बनाए। उनकी पारी में तीन आकर्षक छक्के शामिल थे।हालांकि, अच्छी शुरुआत के बावजूद वह बड़ी पारी में तब्दील नहीं कर सके और काउ कॉर्नर पर कैच आउट हो गए। कप्तान सूर्यकुमार यादव भी कुछ खास नहीं कर सके। उन्होंने 12 गेंदों में 12 रन बनाए। बर्नार्ड शोल्ट्ज़ की शानदार गेंद पर सूर्या आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में चूक गए और स्टंप आउट हो गए। यह पारी की बेहतरीन गेंदों में से एक थी। तिलक वर्मा ने 25 रन का योगदान दिया, लेकिन इरास्मस की विविधताओं के सामने जूझते नजर आए।

सिनेमा

## धुरंधर की पाकिस्तान के पाइरेटेड मार्केट में धड़ल्ले से हो रही बिक्री, एक कॉपी की कीमत काफी शॉकिंग



रणवीर सिंह की ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर मूवी धुरंधर पाकिस्तान सहित 6 गल्फ कंट्रीज में बैन थी। वहां के दर्शक कई फोरम्स पर लिख चुके हैं कि मूवी जब थिएटर्स में थी तो इसके रिकॉर्डेड और पाइरेटेड वर्जन्स देखे साथ ही तारीफ भी की। अब फिल्म नेटफ्लिक्स पर आ चुकी है, वहां नंबर 1 ट्रेंड में भी रही। आपको जानकर हैरानी होगी कि पाकिस्तान के मार्केट्स में अब इसका पाइरेटेड वर्जन धड़ल्ले से खुलेआम बिक रहा है। सबसे शॉकिंग बात है कि इसका दाम इतना कम है कि आदित्यधर सुनेंगे तो उन्हें झटका लग जाएगा। धुरंधर मूवी को भारत से ही नहीं पाकिस्तान के दर्शकों का भी खूब प्यार मिला। अब एक न्यूजीलैंड के यूट्यूबर कार्ल रॉक ने मजेदार जानकारी दी है। कार्ल ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वह पाकिस्तान की गलियों में घूमते दिख रहे हैं। उन्हें वहां दुकानों पर इंडियन फिल्में दिखती हैं। कार्ल बोलते हैं, 'भारतीय फिल्में पाकिस्तान में बैन हैं। देखिए मुझे क्या मिला।' वह एक दुकान पर धुरंधर देखकर पूछते हैं, 'ये नई फिल्म हिंदुस्तान से है ना?' दुकानवाला बताता है, यह इंडियन फिल्म है, नई आई है धुरंधर।

## Highlights

1. Minor student allegedly gang-raped, filmed inside 4 vehicles in MP
2. Pune Police attribute migrant worker's murder to drunken dispute
3. Assam CM Himanta Biswa Sarma launches Majuli-Jorhat bridge
4. Abhishek to meet family of deceased migrant worker in Purulia
5. Concerns over women's safety in Delhi as 2 minor girls go missing
6. Kerala woman goes missing after applying for marriage registration
7. India turns highway close to China border to runway for fighter jets
8. Won't allow anyone to touch Aravallis: SC on Haryana's zoo plan

# IT sell-off rattles India's stock market with all but five Nifty 50 stocks in red




**NEW DELHI, (Agency).** India's IT heavyweights dragged down the stock market today, tracking a 2% drop in Wall Street, on concerns that AI is set to disrupt their business model.

The 30-share BSE Sensex fell as much as 1.07%, or 903.17 points, to 82,771.75 points while the broader Nifty 50 slumped 1.13%. All 16 major sectors declined at the open. Here's a look at the movers of the benchmark:

Nifty 50 Top Gainers: Bajaj Finance, HDFC Bank and Bharti Airtel

Nifty 50 Top Losers: Eternal, Hindustan Unilever, Adani Ports, Trent, Tata Steel, Reliance Industries, IndiGo, Larsen & Toubro, UltraTech Cement.

The Nifty IT index, which sends five companies—Tata Consultancy Services (TCS), Infosys, Wipro, HCL Technologies and Tech Mahindra—to the Nifty 50, is on track for the worst week since the pandemic started in March 2020.

To be sure, the unwinding of AI stocks on Wall Street is a positive for Dalal Street for the wider market lacks the outsized exposure to such trade.

"What is rattling the Indian market now is the massive sell-off in IT stocks, which is the second largest profit pool of India Inc.," V.K. Vijayakumar, chief investment strategist at Geojit Investments Ltd., told HT Business in an emailed statement. The real impact of the 'Anthropic shock' on the IT sector is yet to be ascertained".

Meanwhile on Thursday, foreign institutional investors bought equities worth ₹108.42 crore while domestic institutional investors bought stocks worth ₹276.85 crore, according to exchange data.

# Trump plans to roll back some steel, aluminium tariffs, FT reports

**NEW DELHI, (Agency).** US President Donald Trump is planning to scale back some tariffs on steel and aluminium goods, the Financial Times reported on Friday, citing people familiar with the matter.

Trump hit steel and aluminium imports with tariffs of up to 50% last year including the country rate on the non-steel and non-aluminium



content.

The administration is now reviewing the list of products affected by the levies and plans to exempt some items, halt the expansion of the lists and instead launch more targeted national security probes into specific goods, the report added.

● दलित हिंदू नेता मनोज परमार ने दिखाई मानवता की मिसाल

# सड़क हादसे में फंसे मुस्लिम परिवार की बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**भीलवाड़ा (राजस्थान)/इंदौर। राजस्थान के भीलवाड़ा से इंदौर जाते समय मानवता और भाईचारे की एक प्रेरणादायक मिसाल सामने आई। दलित हिंदू नेता मनोज परमार ने सड़क दुर्घटना में फंसे एक मुस्लिम परिवार की जान बचाकर समाज में आपसी सद्भाव का मजबूत संदेश दिया।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार, यात्रा के दौरान रास्ते में एक कार पलटी हुई दिखाई दी। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए मनोज परमार तुरंत अपनी गाड़ी से उतरे और बिना किसी देरी के दुर्घटनाग्रस्त वाहन में फंसे लोगों की मदद के लिए आगे बढ़े। उन्होंने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए गाड़ी में फंसे पूरे मुस्लिम परिवार को सुरक्षित बाहर निकाला, जिससे एक बड़ा अनहोनी टल गई।

मदद पाने वाले परिवार ने बताया कि वे अजमेर शरीफ के दर्शन कर लौट रहे थे, तभी रास्ते में टक्कर लगने से उनकी कार पलट गई। अचानक हुए इस हादसे में वे बुरी तरह घबरा गए थे, लेकिन समय पर मिली सहायता से सभी की जान बच सकी।

इस मानवीय कार्य के बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मनोज परमार की खुले दिल से सराहना की। यह घटना यह साबित करती है कि धर्म, जाति और समुदाय से ऊपर इंसानियत होती है, और संकट की घड़ी में एक-दूसरे का साथ देना ही सच्चा धर्म है। मनोज परमार का यह कार्य समाज के लिए एक प्रेरणा है, जो आपसी सौहार्द, भाईचारे और मानवता के मूल्यों को और मजबूत करता है।

## क्राइम ब्रांच ने दो बदमाशों को पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने दो अलग-अलग स्थानों से बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से एमडी ड्रग्स बरामद की गई, जबकि दूसरा ब्राउन शुगर मामले में फरार चल रहा था। दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर उनसे पूछताछ की जा रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम लोखंडे पुल पहुंची। वहां एक गार्डन के पास नीले रंग की दोपहिया वाहन पर खड़ा एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में मिला। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा। पूछताछ में उसने अपना नाम कासिम खान निवासी एमआईजी कॉलोनी, इंदौर बताया। तलाशी के दौरान उसकी गाड़ी की सीट के नीचे से 12.59 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के पास से ड्रग्स, मोबाइल फोन और दोपहिया वाहन जब्त किया है, जिसकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 30 हजार रुपए आंकी गई है। शुरुआती पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह सस्ते दामों में ड्रग्स खरीदकर नशे के आदी लोगों को महंगे दामों में बेचता था। वह दिहाड़ी मजदूरी करता है और आठवीं तक पढ़ा है।

# गला रेतकर की गई हत्या

## रेलवे ट्रैक किनारे मजदूर का शव मिला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक मजदूर का शव रेलवे क्रॉसिंग के पास मिला। सूचना पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीसीपी जोन-3 राजेश व्यास के मुताबिक युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। उसके शरीर पर अन्य चोट के निशान भी मिले हैं। पुलिस लूट और आपसी विवाद के एंगल से जांच कर रही है। वहीं परिवार के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस को सुबह करीब 8 बजे एमआर-4 रेलवे पटरी के पास शव पड़े होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान खोजराम पुत्र लखन नारगे निवासी छत्तीसगढ़ के रूप में की है। वह पोलोग्राउंड क्षेत्र की एक फैक्ट्री में काम करता था। पुलिस ने धारदार हथियार से हमले की आशंका जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार खोजराम नारगे दिन और रात दोनों शिफ्ट में काम करता था। बुधवार रात वह अपने कमरे पर नहीं पहुंचा था। इसके बाद उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस मृतक के साथियों और फैक्ट्री से जुड़े लोगों से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है।

## सत्य साईं स्कूल में एडमिशन के नाम पर ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमआईजी थाना पुलिस ने बच्चों का स्कूल में एडमिशन कराने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके दो बच्चों का सत्यसांई स्कूल में दाखिला कराने का झांसा देकर पैसे ठग लिए। पुलिस के मुताबिक श्रीनाथ रेसिडेंसी निवासी अंशु पाटकर की शिकायत पर करूणा मंडलोई के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। अंशु ने बताया कि दोनों बच्चों के एडमिशन के लिए आरोपी ने करीब एक लाख रुपए अपने खाते में ट्रांसफर करवाए, लेकिन न तो दाखिला कराया और न ही पैसे लौटाए। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका एक बेटा और एक बेटी है, जो फिलहाल निजी स्कूल में पढ़ते हैं। वह दोनों का एडमिशन विजयनगर स्थित सत्यसांई स्कूल में कराना चाहती थी। मई 2023 में एक परिचित के जरिए उसकी मुलाकात करूणा से हुई, जिसने स्कूल में पहचान होने का दावा करते हुए डेढ़ लाख रुपए में एडमिशन कराने की बात कही और पहले एक लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवाए। पहले साल आरोपी ने सीट न मिलने का बहाना बनाया और अगले साल एडमिशन कराने का आश्वासन दिया, लेकिन दूसरे साल भी दाखिला नहीं कराया और अतिरिक्त रकम की मांग करने लगी। जब अंशु ने पहले दिए पैसे वापस मांगे तो आरोपी टालमटोल करने लगी। इसके बाद पीड़िता ने थाने में शिकायत की, जिस पर जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक